



# अखंड भारत समाचार


पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए मंगलवार, 16 जून 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02



विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733


# मिले, मुस्कुराए और हाथ भी मिलाए; लेकिन... 16 महीने बाद मोदी-ट्रंप की मुलाकात में 'वो'



G-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 16 महीने बाद पहली सार्वजनिक मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिलाया और एक-दूसरे का अभिवादन किया। लेकिन वो बात नजर नहीं आई, जो 16 महीने पहले नजर आती थी, यानी गले मिलन नहीं हुआ। इसके बावजूद यह मुलाकात वैश्विक कूटनीतिक गलियारों में चर्चा का केंद्र बन गई है। शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कार्यक्रम शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी का विशेष स्वागत किया। मैक्रों ने मोदी को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और दोनों नेताओं के बीच कुछ देर अनौपचारिक बातचीत भी हुई। इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप आमने-सामने आए और हाथ मिलाते हुए एक-दूसरे का हालचाल जाना। यह भेंट इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि पिछले 16 महीनों में दोनों नेताओं के बीच कोई प्रत्यक्ष सार्वजनिक मुलाकात नहीं हुई थी। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, रक्षा सहयोग और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर पहले से ही चर्चा चल रही है। हालांकि इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच विशेष बातचीत नहीं हुई, लेकिन चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# हरित भारत, समृद्ध भारत: सतत विकास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता राष्ट्र

**नई दिल्ली।** भारत आज विकास के एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहाँ आर्थिक प्रगति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी को भी समान महत्व दिया जा रहा है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए **अखंड भारत सेना** और **OICCI (Oasis International Chamber of Commerce and Industry)** द्वारा "हरित भारत, समृद्ध भारत" अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।




तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिक विकास के बीच पर्यावरणीय चुनौतियाँ भी बढ़ रही हैं। ऐसे समय में हरित ऊर्जा, स्वच्छ पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्थिक विकास तभी स्थायी हो सकता है जब वह पर्यावरणीय संतुलन के साथ आगे बढ़े।

अखंड भारत सेना की संस्थापक एवं अध्यक्ष **सुश्री सुषमा** ने कहा कि भारत के युवाओं और महिलाओं की भागीदारी के बिना सतत विकास का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता केवल विकास की नहीं, बल्कि ऐसे विकास की है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित और लाभकारी हो।

उन्होंने आगे कहा कि हर नागरिक अपने स्तर पर छोटे-छोटे कदम उठाकर बड़े बदलाव ला सकता है। वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता जैसे प्रयास देश को हरित और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, आर्थिक प्रगति और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना शामिल है। इसके साथ ही युवाओं को नवाचार, उद्यमिता और कौशल विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा

## चीन में महिलाएँ क्यों पहन रही हैं पुरुषों के लिए बनाए गए कपड़े?



गर्मी आते-आते, केक्सिन ने अपनी अलमारी में बदलाव देखा. अब उनके पास महिलाओं के कपड़ों से ज़्यादा पुरुषों के कपड़े हो गए थे. शर्ट, टी-शर्ट और शॉर्ट्स उनके बॉयफ्रेंड या पिता के लिए नहीं खरीदे गए थे - ये सब उनके लिए थे. केक्सिन अकेली नहीं है. चीन की कई युवा महिलाएँ अपने सामाजिक दायरे में और ऑनलाइन भी कह रही हैं कि वे पुरुषों के कपड़े अपना रही हैं. इसके पीछे की वजहें मिलती-जुलती हैं. बेहतर क्वालिटी, कम दाम, ज़्यादा आराम और कम बॉडी शेमिंग (शरीर को लेकर शर्मिंदगी). लेकिन यह ट्रेंड चल क्यों पड़ा है? चीन के लोकप्रिय सोशल मीडिया ऐप शाओहोंग्शु, जिसे रेडनोट भी कहते हैं, उस पर महिलाएँ पुरुषों के कपड़े पहन रही हैं. इस टैग को आठ करोड़ से ज़्यादा बार देखा गया है, जबकि इस मामले में 'जेंडर-न्यूट्रल ड्रेसिंग' टैग नौ करोड़ से ऊपर पहुँच चुका हैइस विषय पर पोस्ट लगातार बढ़ रहे हैं, जिनमें पुरुषों के कपड़ों के फ़ायदे बताए जाते हैं -मसलन ज़्यादा कॉटन और लिनेन, साफ़ कट, बड़ी जेबें, मुलायम सिलाई, बेहतर फ़िनिशिंग और कम दाम. शुरुआत में उन्हें अजीब लगा. वह कभी अपने पिता या बॉयफ्रेंड के लिए शॉपिंग नहीं करती थीं, तो एल्गोरिदम यह कंटेंट क्यों दिखा रहा था?

## कांग्रेस यूपी में लिख रही नई गठबंधन की स्क्रिप्ट, चंद्रशेखर-ओवैसी के साथ हाथ मिलाने का प्लान



उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सियासी बिसात बिछाई जाने लगी है. सपा और कांग्रेस का गठबंधन होने के बाद भी कांग्रेस दलित नेता चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी के साथ हाथ मिलाने का सियासी तानाबाना बुन रही है. इसे कांग्रेस की प्रेशर पॉलिटिक्स का दांव भी माना जा रहा? उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का सपा के साथ गठबंधन है, लेकिन सीट शेयरिंग का मामला फंसा हुआ है. कांग्रेस ने यूपी में गठबंधन की नई स्क्रिप्ट लिखने की कवायद में जुट गई है. कांग्रेस की नजर दलित नेता चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की है. सहारनपुर से कांग्रेस के लोकसभा सांसद इमरान मसूद ने आजतक से बात करते हुए असदुद्दीन ओवैसी को भाई और चंद्रशेखर आजाद को अपना दोस्त और हमदर्द बताया है. इमरान मसूद ने कहा कि यूपी में बीजेपी को कोई अकेले दम पर चुनाव नहीं हरा पाएगा. उत्तर प्रदेश में अगर कोई गलत फहमी में है तो वो दूर कर ले. राहुल गांधी का हाथ थामे बगैर कोई भी बीजेपी को नहीं हरा सकता है. इस तरह इमरान मसूद यूपी में गठबंधन की नई इबारत लिखने की कवायद में है.

## योगी जी हमें माफ कर दो...', गाजियाबाद में पुलिस को देखते ही पोस्टर लेकर सड़क पर आ गए अपराधी



गाजियाबाद में पुलिस के अपराधी सत्यापन अभियान के दौरान एक अनोखा नजारा देखने को मिला. पुलिस के पहुंचते ही कई अपराधी पोस्टर लेकर सड़कों पर उतर आए और भविष्य में अपराध न करने की शपथ लेने लगे. डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में चल रहे अभियान में एक हजार से अधिक अपराधियों का सत्यापन किया जा रहा है. पुलिस का कहना है कि अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है. गाजियाबाद के कोतवाली क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में जब पुलिस अपराधियों के सत्यापन और चिन्हीकरण अभियान के तहत पहुंची, तो एक अनोखा दृश्य देखने को मिला. पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही कई अपराधी स्वयं पोस्टर और बैनर लेकर सड़कों पर उतर आए तथा अपराध से तौबा करने की कसमें खाते नजर आए. डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी उपासना पांडेय और भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में अपराधियों के सत्यापन अभियान का नेतृत्व कर रहे थे. अभियान का उद्देश्य गैंगस्टर, लूट, महिला अपराध एवं अन्य गंभीर मामलों में संलिप्त अपराधियों का सत्यापन और चिन्हीकरण करना था, ताकि उनकी गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके.

## फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप का ये मैच कैसे बन गया ईरान बनाम ईरान



मैच के टिकटों और आधिकारिक सूची में फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप के इस मुक़ाबले को ईरान बनाम न्यूज़ीलैंड के रूप में प्रचारित किया गया था. लेकिन स्टेडियम के बाहर और दर्शक दीर्घा में गूँज रहे नारों में ईरान के सबसे मुखर विरोधी न्यूज़ीलैंड नहीं, बल्कि स्वयं ईरान के असंतुष्ट नागरिक थे. ईरानी टीम के अधिकारियों ने कई बार कहा है कि वे चाहते हैं कि फुटबॉल लोगों को एकजुट करे. लेकिन यहाँ का माहौल बिल्कुल भी एकजुट नहीं था. सैकड़ों ईरानी झंडे लहरा रहे थे. इनमें सबसे अधिक दिखाई देने वाले वे पूर्व-क्रांति वाले झंडे थे, जिन पर शेर और सूर्य का प्रतीक चिह्न थाकई ईरानी-अमेरिकियों के लिए यह झंडा ईरान की मौजूदा सरकार के विरोध का प्रतीक बन चुका है.

फ़ीफ़ा ने इसे राजनीतिक प्रतीक मानते हुए स्टेडियम के अंदर प्रतिबंधित कर रखा है. फिर भी यह झंडा स्टेडियम के अंदर दिखाई दे रहा था और कई लोगों की टी-शर्टों पर भी छपा हुआ था. स्टेडियम के बाहर कई प्रदर्शनकारी फ़ीफ़ा के फ़ैसले और उस राष्ट्रीय टीम के ख़िलाफ़ इकट्ठा हुए थे, जिसे वे ईरानी जनता की बजाय इस्लामिक गणराज्य का प्रतिनिधि मानते हैं.

एक समूह नारे लगा रहा था, "मुल्लाओं की टीम मेरी टीम नहीं है."


## ईरान फुटबॉल टीम फौरन अमेरिका से निकले, कोच ने फीफा को लिया आड़े हाथ;



फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में हो रहा है। अमेरिका और ईरान के रिश्ते ठीक नहीं हैं। ईरान ने अपना पहला मैच लॉस एंजिल्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला, जो 2-2 से ड्रॉ रहा। मैच के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान फुटबॉल टीम को फौरन लॉस एंजिलिस से निकलने के निर्देश दिए। ऐसे में ईरान के कोच अमीर गालेनोई ने फीफा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने ईरान को सबसे पीड़ित टीम करार दिया। ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी और कोच गालेनोई ने बार-बार लॉजिस्टिक दिक्कतों का सामना करना पर अपनी निराशा जाहिर की, जिससे टीम की तैयारियों में रुकावट आई। कोच के मुताबिक, टीम को रिकवरी के लिए लॉस एंजिल्स में रहने के बजाय सोमवार रात के मैच के तुरंत बाद मेक्सिको के तिजुआना में अपने ट्रेनिंग बेस पर लौटने के लिए कहा गया। गालेनोई ने कहा, ''आज के गेम के बाद उन्होंने हमसे कहा कि 'तुम्हें फौरन निकलना होगा।' जबकि आज हमारे लिए रिकवरी करना बहुत जरूरी था।'' कोच ने ईरान को टूर्नामेंट की तैयारी के दौरान मुश्किलों का सामना करना का जिक्र किया।

## करण जौहर ने अनाउंस की अपनी पहली मलयालम फिल्म! साउथ की सक्सेस से धुलेगा हिंदी का फेलियर?

बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर करण जौहर अब साउथ सिनेमा में बतौर प्रोड्यूसर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं. हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 'धड़क 2' और 'चांद मेरा दिल' जैसी फिल्मों के लगातार फेलियर के बाद, धर्मा प्रोडक्शंस ने अपनी पहली मलयालम फिल्म ओडियन की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है. क्या साउथ से उन्हें सक्सेस मिल पाएगी? बॉलीवुड फिल्मों के टॉप प्रोड्यूसर्स में से एक करण जौहर अब साउथ का रुख करने जा रहे हैं. करण का साउथ फिल्मों के लिए प्यार हमेशा से झलकता रहा है. उन्होंने अभी तक बाहुबली (2015) फ्रेंचाइजी, 2.0 और देवरा जैसी बड़ी साउथ फिल्मों को उत्तर भारत में डिस्ट्रिब्यूट किया था. मगर अब करण की कंपनी धर्मा प्रोडक्शंस, पहली बार साउथ में फिल्म प्रोड्यूस करने जा रही है. करण ने मंगलवार को अपनी पहली मलयालम फिल्म ओडियन की अनाउंसमेंट शेयर की. सोशल मीडिया पर अपनी मलयालम फिल्म ओडियन अनाउंस करते हुए करण ने बताया कि इस फिल्म में साउथ के दमदार एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल करने वाले हैं. अपने जानदार किरदारों के लिए दर्शकों की फेवरेट मंजू वारियर भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगी.




AKHAND BHARAT SENA
ABS
oicci
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER
OF COMMERCE AND INDUSTRY
हरित भारत
समृद्ध भारत
पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास
और आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम
आइए, मिलकर एक स्वच्छ, हरित और
शक्तिशाली भारत के निर्माण में
अपना योगदान दें।
पर्यावरण संरक्षण
सतत विकास
आर्थिक वृद्धि
समाजिक जिम्मेदारी
आत्मनिर्भर भारत की दिशा में
एकजुट होकर बढ़ें आगे!
सुश्री सुषमा
संस्थापक एवं अध्यक्ष
अखंड भारत सेना
अखंड भारत सेना
www.akhandbharatsena.org


HEALING ENERGY
WITH
Sushma
अपनी सारी
परेशानियों को खत्म करें
मात्र व्हाट्सएप पर DOB डालने से
Heal
Balance
Transform
WHATSAPP NOW
8287523965
Heal Within

## दिल्ली-NCR को दहलाने की साजिश नाकाम, पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहा था नेटवर्क; 7 गिरफ्तार




दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और ईस्टर्न रेंज की टीम ने एक बड़े पाकिस्तान समर्थित अंतरराष्ट्रीय आतंक-अपराध मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस मॉड्यूल का संचालन पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर-टर्न्ड-टेररिस्ट शाहजाद भट्टी और उसके सहयोगी अजमल गुज्जर कर रहे थे। इस सफल ऑपरेशन में 7 प्रमुख operatives को गिरफ्तार किया गया है, जिससे दिल्ली-एनसीआर में कई संभावित आतंकी हमलों को रोका जा सका है। स्पेशल सेल की टीम, इंस्पेक्टर राहुल कुमार, विनीत कुमार तेवतिया और अजीत कुमार के नेतृत्व में और एसीपी कैलाश सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन में लंबे समय से इस नेटवर्क पर नजर रखे हुए थी। मई 2026 के मध्य में मिले खुफिया इनपुट के आधार पर कार्रवाई शुरू हुई। टीम ने लोनी, गाजियाबाद के मोहित को यमुना विहार के पास गिरफ्तार किया, जिसके पास से एक अवैध पिस्तौल और चैट्स बरामद हुए। आगे की पूछताछ में पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।









OASIS न्यूज़

प्रकाशित न्यू दिल

हिंदी दैनिक **अखंड भारत समाचार**

E-mail . oasisnewstv@gmail.com Website. www.oasisnews.in

Number. 8708565733

**COMMERCIAL TARIFF CARD**

DELHI-RAJASTHAN-LUCKNOW

EFFECT FROM 1ST JANUARY 2026

| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
|---|---|
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS | Rs.100/-per Line |
| CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |

WE HAVE COMPLETE ARRANGEMENT FOR TRANSLATION

OFFICE: Paschim Vihar, New Delh
110063
Ph.: 8708565733
E-mail: oasisnewstv@gmail.com
Website: www.oasisnews.in

